# Half Yearly Examination-2024-25

## Class: 10th

## Sub:- हिन्दी

**Time: 3:15 hrs.** **M.M. 70**

नोटः– सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

---

## बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र01. शुक्ल युग के लेखक नहीं है। 1

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) प्रेमचन्द

(iii) रामचन्द्र शुक्ल (iv) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

प्र02. 'माटी हो गयी सोना' संस्मरण के लेखक है– 1

(i) कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर' (ii) देवेन्द्र सत्यार्थी

(iii) माखन लाल चतुर्वेदी (iv) रामवृक्ष बेनीपुरी

प्र03. 'आँधी' रचना विधा है– 1

(i) कहानी (ii) नाटक

(iii) एकांकी (iv) संस्करण

प्र04. 'जीवनी' लेखक है– 1

(i) विष्णु प्रभाकर (ii) गुरुनानक देव

(iii) डॉ0 रामकुमार वर्मा (iv) (i) और (ii) दोनों

प्र05 'तार सप्तक' के सम्पादक है-- 1

(i) महादेवी वर्मा (ii) अज्ञेय

(iii) निराला (iv) सुमित्रा नन्दन पन्त

P.T.O

model paper.info

प्र06 'रीतिकाल' की रचना है– 1

(i) रामचरित मानस (ii) प्रिय प्रवास

(iii) रामचन्द्रिका (iv) प्रेम माधुरी

प्र07. 'पथिक' रचना है–

(i) निराला (ii) अज्ञेय

(iii) रामनरेश त्रिपाठी (iv) भूषण

प्र08. भारतेन्दु युग की समयावधि है–

(i) सन् 1900 से 1928 ई0 तक

(ii) सन् 1868 से 1900 ई0 तक

(iii) सन् 1919 से 1936 ई0 तक

(iv) सन् 1800 से 1826 ई0 तक

प्र09. हिन्दी के किस काल को स्वर्ण युग कहा जाता है–

(i) रीतिकाल (ii) भक्तिकाल

(iii) आधुनिक काल (iv) इनमें से कोई नही

प्र010. 'हाली जैसी देह हैं, गैंडे जैसी खाल।

तरबूजे–सी खोपड़ी, खरबूजे से गाल।।''

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन–सा रस है–

(i) वीर रस (ii) करुण रस

(iii) श्रृंगार रस (iv) हास्य रस

प्र011. ''उस का मारे क्रोध के, तन काँपने उनका लगा।

मानो हवा के वेग से, सोता हुआ सागर जगा।

प्रस्तुत पंक्तियों में अलंकार है।

(i) उत्प्रेक्षा अलंकार (ii) यमंक

(iii) श्लेष अलंकार (iv) रुपक अलंकार

प्र012 सोरठा छन्द के पहले और चौथे चरण में मात्राएँ होती है–

(i) 13, 11 मात्राएँ (ii) 11 मात्राएँ

(iii) 11, 13 मात्राएँ (iv) इनमें से कोई नही

प्र013. दशानन' समस्त पद में समास है– 1

(i) कर्मधारय समास (ii) तत्पुरुष समास

(iii) बहुव्रीहि समास (iv) द्विगु समास

प्र014. 'अपार' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है। 1

(i) आ (ii) अ

(iii) अप (iv) उप

प्र015. बादल का पर्यायवाची शब्द नही है:– 1

(i) जलज (ii) अंबुद

(iii) जलद (iv) नीरद

प्र016. 'युष्मद' शब्द रूप तृतीया बहुवचन रूप है:– 1

(i) त्वया (ii) युवाम्

(iii) त्वत् (iv) तुभ्यम्

प्र017. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद है:– 1

(i) चार (ii) आठ

(iii) दो (iv) पाँच

प्र018. 'पठेताम्' धातु का वचन एवं पुरुष है:–

(i) प्रथम पुरुष, बहुवचन (ii) प्रथम पुरुष, द्विवचन

(iii) प्रथम पुरुष, एकवचन (iv) मध्यम पुरुष, द्विवचन

प्र019. तुम से सोया नही जा सकता' वाक्य में वाच्य है–

(i) कर्तृवाच्य (ii) भाववाच्य

(iii) कर्मवाच्य (iv) इनमें से कोई नही

model paper.info

प्र020. ''आँधी आयी और हम घर से भागने लगे। रचना के आधार पर इस वाक्य का प्रकार है:–

(i) सरल वाक्य (ii) मिश्रवाक्य

(iii) संयुक्त वाक्य (iv) इनमें से कोई नही

## खण्ड–ख

प्र021. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3×2=6)

क. चौसा के मुगल–पठान के युद्ध में बहुत दिन बीत गये। ममता अब सत्तर वर्ष की वृद्धा है। वह अपनी झोपड़ी में एकदिन पड़ी थी। शीतकाल का प्रभात था। उसका जीर्ण कंकाल खाँसी से गूज रहा था। ममता की सेवा के लिए गाँव की दो–तीन स्त्रियाँ उसे घेर बैठी थी, क्योंकि वह आजीवन सब के सुख–दुःख की सहभागिनी रही।

अ. प्रस्तुत अवतरण का संदर्भ लिखिए।

ब. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स. चौसा का युद्ध किसके मध्य हुआ था।

ख. आज विज्ञान मनुष्यों के हाथों में अद्भुत और अतुल शक्ति दे रहा है, उसका उपयोग एक व्यक्ति और समूह के उत्कर्ष और दूसरे व्यक्ति और समूह को गिराने में होता ही रहेगा। इसलिए हमें उस भावना को जाग्रत रखना है और रखना होगा, जो उस अहिसात्मक त्याग– भावना को प्रोत्साहित करें और भोग भावना को दबाये रखे।

अ. प्रस्तुत गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

ब. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स. आज विज्ञान मनुष्य को क्या दे रहा है?

प्र022. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश पर आधारित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. मोर– पखा सिर ऊपर राखि हौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी
ओढ़ि पितम्बर लै लकुटी, बन गोधन ग्वारन संग फिरौंगी।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि, सो तेरे कहें सब स्वॉग करौंगी।
वा मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।।

अ. प्रस्तुत पद्यांश का सदंर्भ लिखिए।

ब. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स. कृष्ण के वियोग में व्याकुल गोपियों ने कृष्ण की किन लीलाओं का अनुसरण करना चाहा हैं।

ख. अतुलनीय जिनके प्रताप का
साक्षी है प्रत्यक्ष दिवाकर।
धूम–धूम कर देख–चुका है,
जिनकी निर्मल कीर्ति निशाकर।।
देख चुके है जिनका वैभव,
ये नभ के अनन्त तारागण।
अगणित बाद सुन चुका है नभ,
जिनका विजय घाव रण गर्जन।।

अ. प्रस्तुत गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

ब. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स. दिवाकर, निशाचर, नभ, कीर्ति शब्दों का अर्थ लिखिए।

प्र023. दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 5

पुनः ग्रामीणोऽब्रवीत्– इदानीं भवान् पृच्छतु प्रहेलिकाम्।" दण्डदानेन खिन्नः नागरिकः बहुकालं विचार्य न कञ्चित् " स्वकीयायाः प्रहेलिकायाः त्वमेव उत्तर ब्रूहि।" तदा सः ग्रामीणः विहस्य स्वप्रहेलिकायाः सम्यक् उत्तरम् अवदत् 'पत्रम्' इति। यतोहि इदंपदेन विनापि दूरं याति, अक्षरैः युक्तमपि न पण्डितः भवति। एतिस्मन्नेव काले तस्य ग्रामीण ग्रामः आगत।

अथवा

भारतीयाः संस्कृतिः तु सर्वेषां मतावलम्बिनाम सङ्गमस्थली। काले–काले विविधाः विचाराः भारतीय संस्कृतौ समाहिताः। एषां संस्कृतिः सामासिकी संस्कृतिः यस्या विकासे विविधानां जतीनां सम्प्रदायानां, विश्वासानाञ्च योगदान दृश्यते। अतएव अस्माकं भारतीयनाम् एका संस्कृतिः एका च राष्ट्रीयता। सर्वेऽपि वयं एकस्याः संस्कृते समुपासकाः एकस्य राष्ट्रस्य च राष्ट्रीयाः।

प्र024. दिए गए संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 5

क. "मरण मङ्गल यत्र विभूतिश्च विभूषणम्।
कापीनं यत्र कौशेय सा काशी केन मीयते।।"

ख. सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वेसन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद् दुःखभाग् भवेत।

प्र025. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए किसी एक प्रश्न का अर्थ उत्तर लिखिए। 3

(i) 'जयसुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्ड काव्य के आधार पर 'सुभाषचन्द्र बोस' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्र026. दिए गए लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी दो प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए। 5

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) डा0 राजेन्द्र प्रसाद

(iii) रामचन्द्र शुक्ल

ख. दिए गए लेखकों में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय और रचनाओं का उल्लेख कीजिए। 5

(i) तुलसीदास (ii) बिहारीलाल

(iii) सुमित्रानन्दन पन्त

प्र027. अपनी पाठ्य पुस्तक से कोई दो लाइनों का श्लोक लिखिए। जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो। 2

प्र028. अपने क्षेत्र में नालियों तथा सड़को आदि की समुचित सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को एक शिकायत– पत्र लिखिए।

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पाँच दिन के अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्र029. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए।

(i) चन्द्रशेखर कः आसीत्।

(ii) विश्वस्य स्रष्टा कः

(iii) वाराणस्यां कति विश्व विद्यालयः सन्ति

(iv) पुरुराजः कः आसीत्

प्र030 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 7

(i) बेरोजगारी, समस्या समाधान

(ii) वृक्ष हमारे सच्चे हितैषी

(iii) विज्ञान वरदान अभिशाप

(iv) ग्राम स्वच्छता

(v) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

model paper.info